हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 25 अप्रैल 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 केशगवां में मिली 1755 की अनमोल धरोहर



## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 को

**अम्बिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 (57) के अन्तर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:30 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में आयोजित होगी। उन्होंने बैठक में सर्वसंबंधितों को निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### संलग्न स्वास्थ्य कर्मियों को यथावत रखने की मांग

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक कमलेश सोनी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रतिनिधि मंडल ने संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं से सौजन्य भेंट कर संचालनालय द्वारा मूल पदस्थ संस्थाओं से अन्य संस्थाओं में संलग्न चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों के संलग्नीकरण समाप्त करने हेतु जारी निर्देश से अवगत करा चिकित्सकों,चिकित्सा कर्मियों का संलग्नीकरण समाप्त करने से स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के इलाज एवं कार्यालयीन कार्य प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए शहरी स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में 16 चिकित्सा कर्मियों को पूर्ववत कार्य संपादन करने हेतु आदेश जारी किया गया है।स्वास्थ्य एवं पारिवारिक समस्याओं के कारण संलग्न चिकित्सा कर्मियों एवं लिपिकों को कार्यमुक्त करने से अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्य प्रभावित होने की संभावना पर कार्यमुक्त कर्मचारियों को पूर्ववत कार्य कराने हेतु निर्देश देने की मांग की।संयुक्त संचालक ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन पर इस संबंध में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया । मामले में उचित कार्यवाई नहीं होने पर आंदोलन करने करने की चेतावनी दी है। इस दौरान संजय यादव, विरेन्द्र यादव, रिता कुर्रे आदि उपस्थित थे।

### बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के यहा शादी का न्योता देने जा रहे वृद्ध को बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम चांचीडांड निवासी भुवनेश्वर आ. स्व. भूखल राम (66 वर्ष) बुधवार को ग्राम पलढ़ा निवासी रिश्तेदार के यहां शादी का न्योता देने पैदल जा रहा था। जैसे ही वृद्ध ग्राम धरमपुर मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी गांव के सरपंच रामपति ने परिजन को दी और घायल वृद्ध को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती होने की बात बताई। परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी कराकर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## तालाबों पर अतिक्रमण का मुद्दा गरमाया

# नगर निगम की सामान्य सभा में गहमागहमी के बीच महापौर ने पेश किया 5.79 अरब का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- प्लास्टिक, पटाखा दुकान में आग लगने की घटना की होगी जांच, टीम गठित

शुक्रवार को नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक हुई जिसमें महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भारी गहमा-गहमी के बीच वर्ष 2026-27 के लिए 5.79 अरब का बजट प्रस्तुत किया। बजट में बुनियादी सुविधाओं व खेल गतिविधियों एवं शहर विकास से संबंधित परियोजनाओं को शामिल किया गया है।

आमसभा के प्रश्नकाल में भाजपा पार्षद अशोक सोनवानी ने शहर के तालाबों पर बेखौफ चल रहे अतिक्रमण का मामला उठाया वहीं महापौर परिषद के सदस्य मनीष सिंह ने तालाबों के संरक्षण के लिए सीमांकन कराने की मांग की। चर्चा उपरांत सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने शहर के सभी 19 तालाबों का सीमांकन कराने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखने का आश्वासन दिया। भाजपा पार्षद आलोक दुबे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का हवाला देते हुए तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने तालाबों के संरक्षण हेतु कड़े निर्देश जारी किए है इसके बावजूद भू-माफिया तालाबों को पाट रहे हैं। तालाबों को पाटने के बाद लोगों के भूमि का पंजीयन भी किया जा रहा है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने राममंदिर के पास मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा की थोक दुकान में आग लगने के मामले को उठाया। उन्होंने मामले को बेहद गंभीर बताया एवं जांच टीम गठित करने की मांग की। उन्होंने फायर बिग्रेड का संचालन होमगार्ड से वापस निगम द्वारा करने के संबंध में प्रस्ताव लाने की मांग की। भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने मुकेश प्लास्टिक दुकान में लगी आग की घटना को गंभीर मामला बताया तथा कहा कि प्लास्टिक दुकान में भारी मात्रा में पटाखे कैसे रखे गए थे यह जांच का विषय है। आग लगने पर करीब 6 घंटे तक धमाके होते रहे। मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। सदस्यों द्वारा दुकान में आग लगने की घटना को गंभीरता से उठाने के बाद महापौर मंजूषा भगत ने अग्निकांड की जांच के लिए 7 सदस्यीय जांच दल गठित करने की घोषणा की।

उन्होंने जांच दल में भाजपा के 4 एवं कांग्रेस के 3 पार्षदों के शामिल करने की जानकारी दी। सभापति हरमिंदर सिंह ने जांच में किसी अधिकारी के मिलीभगत से अवैध पटाखा भंडारण अथवा गैस एजेंसी का संचालन करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने जांच दल को 15 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।





सामान्य सभा में बजट पेश करती महापौर, पार्षद व अन्य अधिकारीगण।

### अधोसंरचना पर केंद्रित बजट

महापौर मंजूषा भगत ने 58128.02 लाख रुपये व्यय का अनुमान प्रस्तुत किया। प्रस्तावित आय 57924.09 लाख रुपये के विरुद्ध 58128.02 लाख रुपये व्यय एवं 203.93 लाख रुपये घाटा का अनुमान लगाया गया है।महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि बजट में आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, सड़क और प्रकाश व्यवस्था के साथ अधोसंरचनात्मक विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान रखा गया है। सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन के लिए भी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में यूपीएससी उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को महापौर सम्मान निधि के तहत 1-1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।खेल सुविधाओं के विकास के लिए चठिरमा में खेल मैदान सह स्टेडियम निर्माण हेतु 30 करोड़ लक्ष्मीपुर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए 8 करोड़ तथा बिलासपुर रोड पर स्विमिंग पूल निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।शहर के सुभाष नगर में 15 करोड़ की लागत से खेल मैदान निर्माण का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक में अब तक 5170 आवासों की स्वीकृति मिली है, जिनमें से 4319 आवास पूर्ण तथा 851 निर्माणाधीन हैं। एएचपी अंतर्गत सुभाष नगर में 493 आवास निर्माण का कार्य पूर्णता पर है।यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिला अस्पताल में 8 करोड़ रुपये की लागत से अंडरग्राउंड ब्रिज निर्माण तथा नवीन बाईपास रोड में 25 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने,चौराहों पर छाया शेड निर्माण, कामकाजी महिलाओं के लिए वंडर वूमेन हॉस्टल तथा उद्यानों में खेल परिसर निर्माण प्रस्तावित है। मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपये, कतकालो फिल्टर प्लांट के विकास हेतु 7.50 करोड़ रुपये, गंगापुर मेडिकल कॉलेज के पास पानी टंकी निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये तथा शहर में पुरानी पाइपलाइन बदलने और नई पाइपलाइन विस्तार के लिए 7.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### 8 महीने में सामान्य सभा जनता के साथ अन्याय

सामान्य सभा में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कई महीनों बाद सामान्य सभा आयोजित करनेपर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि 2 महीने की जगह 8 महीने में सामान्य सभा होना जनता के साथ अन्याय है।।सामान्य सभा में जनप्रतिनिधि अपनी समस्याओं को बताते हैं तो उनका निराकरण होता है। समय पर सामान्य सभा नहीं होगी तो जनप्रतिनिधि अपना दुखड़ा किससे बताएंगे। नेता प्रतिपक्ष के प्रश्न पर महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि 2 से 3 महीने के अंदर बैठक हो जाए। नेता प्रतिपक्ष ने बजट को लेकर कहा कि विधि के अनुसार बजट पेश नहीं किया गया है।विधि के अनुसार बजट पेश होता तो सभी नए और पुराने पार्षदों को चर्चा करने और समझने का अवसर मिलता।

### तालाबों का होगा सीमांकन

बैठक में शहर के विभिन्न तलाबों में अतिक्रमण करने का मामला गूंजता रहा। पार्षद अशोक सोनवानी, आलोक दुबे,कलीम खान, शुभम जायसवाल ने इस मुद्दे को उठाया। पार्षद आलोक दुबे ने कहा कि शहर के कई तालाबों का रकबा लगातार घटते जा रहा है इसे संरक्षित करना आवश्यक है। भू माफिया लगातार शहर के तालाबों को पाट रहे हैं। पार्षदों द्वारा तालाबों के संरक्षित किए जाने की मांग पर महपौर मंजूषा भगत ने कहा कि शहर के सभी तालाबों का सीमांकन कराया जाएगा तभी तालाबों का संरक्षण हो पाएगा। पार्षदों की सहमति से तालाबों का सीमांकन कराने का संकल्प पारित किया गया। नेता प्रतिपक्ष ने विभिन्न वार्डों पेयजल आपूर्ति ठप होने का भी मामला उठाया।जल प्रभारी जितेंद्र सोनी ने कहा कि तकिया फिल्ट प्लांट में भारी मात्रा में मिट्टी जमा हो गई है, जिसके चलते दिक्कत हो रही है, सात दिनों तक शहर में एक टाइम पानी मिलेगा और मरम्मत होने के बाद व्यवस्था सुधर जाएगी।

# लटोरी बस स्टैंड समीप अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- लटोरी पुलिस ने हाइवा वाहन को किया जब्त

रिश्तेदार के साथ बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही महिला की हाइवा की चपेट में आने मौत हो गई है। लटोरी पुलिस ने बताया कि रघुनाथपुर गंगापुर निवासी 45 वर्षीय श्रीमती शिरोमणि पति पवन शुक्रवार को रिश्तेदार बतौली बीरिमकेला निवासी शोभनाथ प्रजापति के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीयू 1251 में भटगांव एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी।

तभी सुबह करीब साढ़े 10 बजे ग्राम बरियों की तरफ से गिट्टी लोडकर भैयाथान की ओर जा रहे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 15 यूके 3219 के चालक ने अंबिकापुर-बनारस हाइवे मार्ग पर लटोरी बस स्टैंड समीप मोहन पान दुकान के सामने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार महिला अचानक नीचे फेंका गई और हाइवा वाहन के पिछले चक्का की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में महिला का सिर पूरी तरह कुचल गया था। घटना उपरांत वाहन चालक ने हाइवा वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। सूचना पर लटोरी पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा करने उपरांत दुर्घटनाकारित हाइवा वाहन को जब्त कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।



घटना स्थल पर महिला की लाश।

### अवैध कोयला खनन के दौरान चट्टान के नीचे दबने से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** अवैध कोयला खनन के दौरान पत्थर की चट्टान के नीचे दबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह ग्राम कटकोना एवं अमेरा खदान की सरहद पर घुनघुट्टा नदी के किनारे से गुजरने के दौरान दुर्गंध आने पर ग्रामीण नजदीक पहुंचे तो पत्थर की चट्टान के नीचे एक ग्रामीण को दबा देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से चट्टान को हटवाकर शव को बाहर निकलवाय। मृतक की पहचान ग्राम लोसगा निवासी जयप्रकाश पिता सुबरन के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मृतक रोज की तरह बुधवार को सुबह कोयला खनन करने अमेरा खदान क्षेत्र में गया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि कोयला खनन के दौरान पत्थर की चट्टान गिरने से वह दब गया होगा तथा मौत हो गई होगी। पुलिस ने पीएम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया है।

# चोरी की बात पर जान से मारने की धमकी व अपमानित करने के मामले में पुलिस ने 9 लोगों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

चोरी की बात को लेकर एक व्यक्ति को गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने और अपमानित करने के मामले में पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार कल्याणपुर निवासी मो. रहमान ताज ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 23 अप्रैल की दोपहर 1 बजे ग्राम पस्ता का विश्वनाथ सिंह व अन्य लोग उसे बुलाकर सोलर पैनल का तार को चोरी करने का आरोप लगाकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपमानित कर बाल काटकर, माला पहनाकर गांव में घुमाया गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 115(2), 191(2), 133, 126, 74 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना रामानुजनगर पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दबिश देकर पस्ता निवासी आरोपी विश्वनाथ सिंह (42 वर्ष), गोलचंद राजवाड़े (33 वर्ष), पूरन राम प्रजापति ( 42 वर्ष), रामसाय सिंह (54 वर्ष), कलेश्वर राम (45 वर्ष), बालसाय राजवाड़े (59 वर्ष), भज्जू सिंह (76 वर्ष), हीरासाय राजवाड़े (35 वर्ष) एवं हरवंश राजवाड़े ( 37 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर सभी ने पीड़ित के बाल काटकर गांव में घुमाने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।





## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ का निरीक्षण गुणवत्ता पर जोर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा नवीन मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डॉ.खरे ने निर्माण कार्य की गति को तेज करने एवं गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न होने देने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध कराई जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। निरीक्षण के पश्चात सीएमएचओ द्वारा सिविल अस्पताल, मनेन्द्रगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, आपातकालीन सेवाओं, दवा वितरण कक्ष एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सीएमएचओ ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को समय पर एवं उपचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

### सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर लिए गए निर्णय

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ में जीवनदीप समिति की बैठक एसडीएम एवं समिति अध्यक्ष लिंगराज सिदार के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### बैगा पारा में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**मनेन्द्रगढ़।** विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत पराडोल अंतर्गत बैगा पारा में ग्रामीणों के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ जीवनशैली अपनाने एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों को शौचालय निर्माण के महत्व से अवगत कराया गया तथा खुले में शौच से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को समझाया गया कि शौचालय का नियमित उपयोग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह पूरे समुदाय को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभियान के दौरान गर्मी में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

### सार्वजनिक स्थलों पर जल्द मिलेगी शीतल जल सुविधा

**सोनहत।** बढ़ती भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत देने के लिए मुख्यालय ग्राम पंचायत द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। चौक-चौराहों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जल्द ही लोगों को ठंडा पेयजल मुहैया कराया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव रामलाल राजवाड़े ने बताया कि महादेव चौक, पुराना बस स्टैंड सहित अन्य प्रमुख आवाजाही वाले स्थलों पर शीतल पेयजल व्यवस्था के लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों और राहगीरों को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि शीतल पेयजल के लिए मिट्टी के घड़े सहित आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था की जा रही है तथा उपयुक्त स्थलों का चयन भी किया जा रहा है। पंचायत की इस पहल से स्थानीय लोगों के साथ बाहर से आने-जाने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा। भीषण गर्मी के बीच ग्राम पंचायत की इस पहल को जनहित में राहतभरा कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल सुविधा शुरू किए जाने की पहल का स्वागत किया है।

## दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का छाया, कसरा गांव में पसरा मातम

# तेज रफ्तार बस ने पल भर में छीन ली युवक की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

तेज रफ्तार का कहर एक परिवार की खुशियां पल भर में उजाड़ गया। तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे कसरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

बताया जा रहा है कि हादसा इतना भयावह था कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला और मौके पर ही उसकी जिंदगी थम गई। इस दर्दनाक दुर्घटना ने दो मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया छीन लिया, वहीं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शुक्रवार को सुबह शहर से लगे ग्राम भॉडी मुख्य मार्ग पर बस की चपेट में आने से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया, वहीं दुर्घटना कारित करने वाले बस को जब्त कर लिया। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को सुबह करीब पौने दस बजे बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0765 के चालक ने ग्राम भॉडी में तिराहा के पूर्व मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम कसरा निवासी राजेश साहू उम्र 30 वर्ष के रूप में की गई। युवक भारतीय जनता युवा मोर्चा का कार्यकर्ता एवं जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी भी रहा। बताया जाता है कि मृतक लवली मोटर्स शो रूम में वाहन चालक के पद पर कार्य करता था और प्रतिदिन की भॉति घटना दिवस शुक्रवार को अपने काम पर घर से आ रहा था कि कार्य स्थल पहुंचने के पूर्व ही सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।



दुर्घटनाकारित बस।


परिवार के साथ युवक।


बाइक।


मृत युवक।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

शुक्रवार को घटित सड़क दुर्घटना में ग्राम कसरा निवासी राजेश साहू की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से परिवार में दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा, इस घटना ने पत्नी से उसकी जिंदगी छिन ली, वहीं छोटे-छोटे दो मासूमों के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। घटना की खबर फैलते ही गांव में मातम पसर गया। परिजन और ग्रामीण स्तब्ध हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनके भविष्य को लेकर चिंता गहरा गई है। मृतक अपने घर का इकलौता कमाउ सदस्य था और प्रतिदिन की भॉति घटना दिवस वह अपने काम पर ही आ रहा था। युवक का लंच टिफिन बाक्स भी बाइक में ही टंगा हुआ था, जिसे देखकर लोगों का मन काफी विचलित भी हुआ।

### काम पर निकले पिता अब कभी नहीं लौटेंगे

शहर के निकट ग्राम भॉडी में 24 अप्रैल को तेज रफ्तार बस ने पल भर में एक जिंदगी छिन ली, वहीं परिवार को बेसहारा कर दिया। घटना की जानकारी से ही मृतक के परिवार को मिला तो सभी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। पत्नी बदहवास हो गई, लेकिन घटना से अंजान मासूमों को कुछ भी समझ नहीं आ रहा था कि अब उनके पिता कभी घर नहीं लौटेंगे।

### तेज रफ्तार पर लगाम की जरूरत

ग्रामीणों ने हादसे के लिए तेज रफ्तार और लापरवाही को जिम्मेदार बताते हुए सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बेलगाम रफ्तार पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की जरूरत है, ताकि इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। एक पल की लापरवाही ने एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी।

# केशगवां में मिली 1755 की अनमोल धरोहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- कलेक्टर ने खुद किया डिजिटल संरक्षण

जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक अहम पहल के तहत कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी शुक्रवार को सोनहत ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम केशगवां पहुंची, जहां उन्होंने वर्ष 1755-56 की दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपि का अवलोकन किया।

भोजपत्र और कपड़े पर अंकित इस पांडुलिपि को मौके पर ही ज्ञान भारतम राष्टीय पांडुलिपि सर्वेक्षण ऐप पर डिजिटल रूप से अपलोड किया गया। यह पांडुलिपि पंडित रघुवर प्रसाद शर्मा एवं प्रकाश शर्मा के परिवार द्वारा पीढ़ियों से सहेजकर रखी गई है। परिवार ने बताया कि यह धरोहर उनके पूर्वजों के समय से विरासत के रूप में संरक्षित है और इसकी पूजा भी की जाती है।



पांडुलिपि में प्राचीन सनातनी मंत्र, ऐतिहासिक दस्तावेज, नक्शे, प्रशासनिक अभिलेख, निमंत्रण पत्र और उत्सवों से जुड़े विवरण शामिल हैं, जो उस समय की सामाजिक और प्रशासनिक व्यवस्था की झलक प्रस्तुत करते हैं।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने इस धरोहर को इतने वर्षों तक सुरक्षित रखने के लिए परिवार की सराहना करते हुए कहा कि यह जिले की समृद्ध परंपरा और ज्ञान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि 70 वर्ष या उससे अधिक पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियों की जानकारी प्रशासन को अवश्य दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ज्ञान भारतम सर्वेक्षण पूरी तरह स्वैच्छिक है और इससे पांडुलिपियों के स्वामित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मूल दस्तावेज संबंधित व्यक्ति के पास सुरक्षित रहेंगे, जबकि उनकी डिजिटल स्कैनिंग या प्रतिलिपि तैयार कर संरक्षित किया जाएगा। इस सर्वे कार्य में वाल्मीकि दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने इस काम को लगातार कर रहे हैं।

## मुर्गा नहीं देने पर आदिवासी से मारपीट

**सोनहत।** विकासखंड के ग्राम कुशमाहा में मामूली बात पर एक आदिवासी ग्रामीण के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मुर्गा नहीं देने पर कुछ लोगों ने एक आदिवासी व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल पीड़ति का उपचार अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुशमाहा निवासी रामभगत उरांव उम्र 45 के साथ 20 अप्रैल की रात लगभग 11 बजे गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई। आरोप है कि भोले, संतोष, हरभजन सहित अन्य लोगों ने रामभगत से मुर्गा की मांग की थी। मांग पूरी नहीं होने पर आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। घटना के वक्त गांव में शादी-विवाह का कार्यक्रम चल रहा था। पीड़ति की पत्नी मानकुंवर उरांव ने बताया कि घटना के बाद घायल रामभगत को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना थाने में दी गई है, लेकिन आरोप है कि घटना के बाद भी संबंधित लोग घर पहुंचकर परिवार के अन्य सदस्यों को धमका रहे हैं और प्रताड़ति कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिवार का कहना है कि आदिवासी परिवार के साथ हुए इस अमानवीय कृत्य पर प्रशासन को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए, ताकि पीड़ति परिवार को न्याय मिल सके और दोषियों पर उचित कार्रवाई हो।

## मुकुंदरपुर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** जिले के विकासखंड खड़गवां अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुंदरपुर में बाल विवाह मुक्त छग अभियान के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के निर्देशानुसार किया गया। इसमें काफी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह की कुप्रथा पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसे समाज के लिए घातक बताते हुए जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। उपस्थित ग्रामीणों को बताया गया कि बाल विवाह न केवल एक गंभीर सामाजिक बुराई है, बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है।

## नवोदय विद्यालय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर संगोष्ठी



**बैकुंठपुर।** शिक्षा के साथ वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में ब्रेक थ्रू साइंस सोसायटी कोरिया द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय केनापारा बैकुंठपुर में विज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तर्कशीलता, वैज्ञानिक चेतना और अंधविश्वासों से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्रेक थ्रू साइंस सोसायटी की राज्य प्रभारी सुश्री पूजा शर्मा रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक एवं भूतपूर्व छात्र अमरनाथ सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के जिला प्रभारी एवं व्याख्याता कमल डडसेना ने की। विद्यालय प्राचार्य ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य वक्ता पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के महत्व को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने भू-केन्द्रित और सौर केन्द्रित सिद्धांत की चर्चा करते हुए बताया कि विज्ञान ने समय के साथ मानव सोच को कैसे बदला है। उन्होंने कॉपरनिकस, न्यूटन, आइंस्टीन और सीवी रमन जैसे महान वैज्ञानिकों के संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि अमरनाथ सिंह ने अपने उद्बोधन में अंधविश्वास और रूढ़ियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर जोर दिया।

# अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी संकट चिरमिरी में बदहाल व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज. कोरिया कॉलरी

नगर पालिक निगम चिरमिरी में अव्यवस्थाओं का आलम इस कदर बढ़ गया है कि अब लोगों को अपने परिजन के अंतिम संस्कार के लिए भी जूझना पड़ रहा है। शवदाह के लिए आवश्यक लकड़ी तक स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं होने से लोगों को दूसरे जिलों से लकड़ी मंगवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार वन विभाग के निस्तार डिपो में महीनों से लकड़ी की आपूर्ति नहीं होने से संकट और गहरा गया है। वहीं नगर निगम ने भी इस जिम्मेदारी से लगभग हाथ खड़े कर दिए हैं, जिससे आम नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील विषय में इस तरह की लापरवाही ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले सीमित स्तर पर ही सही, व्यवस्था उपलब्ध रहती थी, लेकिन अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि शोक की घड़ी में भी परिवारों को लकड़ी की व्यवस्था के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर निगम और वन विभाग दोनों ही इस समस्या के समाधान में असहाय नजर आ रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इतने गंभीर मुद्दे पर अब तक




जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है। लोग आरोप लगा रहे हैं कि जनप्रतिनिधि केवल औपचारिकताओं और फोटोबाजी तक सीमित हैं, जबकि बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल निस्तार डिपो में लकड़ी उपलब्ध कराने, नगर निगम स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने और श्मशान घाटों में जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि दुख की घड़ी में भी यदि अंतिम संस्कार जैसी मूलभूत व्यवस्था के लिए संघर्ष करना पड़े, तो यह प्रशासनिक संवेदनहीनता का बड़ा उदाहरण है। अब बड़ा सवाल यही है कि इस संकट के लिए जिम्मेदार कौन है और प्रशासन इस ओर कब तक गंभीर पहल करेगा।

## बाल विवाह रोकने पुसला पंचायत की खास पहल

**सोनहत।** बाल विवाह रोकथाम को लेकर ग्राम पंचायत पुसला ने सराहनीय पहल करते हुए पंचायत क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। पंचायत ने बाल विवाह की सूचना देने वाले व्यक्ति को 5 हजार रूपए पुरस्कार देने की घोषणा की है। पंचायत की ओर से स्पष्ट किया गया है कि बाल विवाह की पूर्व सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की जाएगी।

पंचायत ने इसके लिए 24 घंटे सूचना देने की व्यवस्था भी की है। सरपंच श्रीमती जिला बाई कुजूर ने बताया कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने सामुदायिक सहयोग जरूरी है। इसके लिए सरपंच एवं पंचायत सचिव उजागिर प्रसाद गुप्ता को सूचना दी जा सकती है। इस अभियान को




### सूचना देने वाले को मिलेगा 5 हजार पुरस्कार

सफल बनाने पंचायत ने पंचगण, वरिष्ठ नागरिकों, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, मैदानी अधिकारियों, ग्रामीण नागरिकों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सहयोग की अपील की है। पंचायत की इस पहल को बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे सामाजिक जागरूकता के साथ बाल अधिकारों की सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी।

## राज्य से आए तकनीकी अधिकारी ने परखी मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में आयुक्त मनरेगा तारण प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार राज्य कार्यालय में पदस्थ तकनीकी अधिकारी एसके साहू ने 24 अप्रैल को कोरिया जिले में जनपदों का भ्रमण कर योजनाओं के कार्यों का आंकलन किया। दोनों जनपदों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण के बाद देर शाम उन्होंने तीन जिलों की तकनीकी टीम के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। विदित हो कि राज्य कार्यालय द्वारा अधिकारियों को अलग-अलग जिलों के प्रभार आवंटित किए गए हैं और वह प्रतिमाह आकर योजनाओं के क्रियान्वयन की भौतिक जांच कर रहे हैं, इससे कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। राज्य से आए सहायक अभियंता एसके साहू ने कोरिया जिले में जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम पंचायत मझारटोला में हितग्राही जयसिंह के आजीविका डबरी का निरीक्षण कर हितग्राही से बात की। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत मधौरा के नवा तरिया स्थल का निरीक्षण किया। जनपद मुख्यालय सोनहत की ग्राम पंचायत तथा रजौली में बने धान चबूतरे के अलावा श्री साहू ने अमृत सरोवर, बोड़ार में बने कंटूर टैंच कार्य, अक्लासरई के बंधवागढ़ा अमृत सरोवर, ग्राम पंचायत किशोरी में बने 30-40 माडल का निरीक्षण किया। जनपद पंचायत सोनहत के बाद उन्होंने बैकुंठपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सलका में जाकर नवीन आंगनबाड़ी भवन कार्य तथा ग्राम पंचायत जामपारा में बने धान संग्रहण चबूतरा कार्य का अवलोकन किया। सहायक अभियंता श्री साहू को राज्य द्वारा कोरिया जिले के अलावा सूरजपुर तथा एमसीबी जिले में निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है। वह बीते तीन दिनों से निरंतर भ्रमण कर अलग-अलग ग्राम पंचायतों में निरीक्षण कर चुके हैं। 23 अप्रैल की शाम उन्होंने मनरेगा के समस्त तकनीकी टीम के साथ एक समीक्षा बैठक लेकर कार्यों की प्रगति का आंकलन किया। इसके बाद उन्होंने तीनों जिलों से आए समस्त तकनीकी सहायकों को कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी भी शामिल रहे।

### बड़सरा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव प्रारंभ

**भैयाथान।** ग्राम बड़सरा में साहू समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का बुधवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिवस कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़सरा के साहू पारा में समाज के महिला-पुरुष एकत्रित हुए, जहां से भजन गाते हुए कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु राम मंदिर एवं शिव मंदिर स्थित तालाब पहुंचे जहां विधि-विधान से पूजन कर कलश में जल भरा गया।

## विपक्ष का स्वार्थ वाला चेहरा सभी के सामने आया: संजूदेवी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक सुधार को लेकर विश्राम गृह बैकुंठपुर में प्रेसवार्ता किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप कोरबा नगर निगम महापौर संजूदेवी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, महिला मोर्चा जिला मंत्री ऑचल सिंह परमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। महापौर संजूदेवी राजपूत ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति भारतीय सभ्यता के हजारों सालों के इतिहास के साथ ही भारत लोकतंत्र की जननी है। भारत के पास इस सफर में एक नया पहलू जोड़ने का मौका था। हम देश की आधी आबादी को नीति-निर्धारण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए वह नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाए थे। हमने सभी सांसदों से आग्रह किया था कि वे इस मौके को हाथ से न जाने दे। हम सब मिलकर देश को एक नई दिशा देने के लिए तैयार थे। यह भारत की नारी शक्ति के लिए एक महायज्ञ था। हमें विश्वास था कि इस महायज्ञ का नतीजा न केवल राजनीति का भविष्य बल्कि देश की दिशा और नियति भी तय करेगा लेकिन स्वार्थी विपक्ष, जिसने 30 साल तक राजनीतिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में हमारी महिलाओं की भागीदारी देने में देरी की। एक बार फिर इस देश की महिलाओं को निराश किया है। उन्होंने अपनी राजनीतिक जमीन बचाने की बेचैनी में, स्वार्थ एक बार फिर सामने आया और महिलाओं के हितों को एक बार फिर दरकिनार कर दिया गया। हमें इस विषय को लेकर स्पष्ट होना चाहिए कि विपक्ष ने क्या होने से रोका है। उन्होंने सबसे ऊंचे स्तर पर भारतीय महिलाओं के पॉलिटिकल रिप्रेजेंटेशन राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कमजोर किया है। उन्होंने हमारे देश की महिलाओं को टेबल पर सीट मिलने से रोककर अपने राजनैतिक स्वार्थ की रक्षा की।

## उपन्यास यक्षिणी आगामी 23 मई को होगा विमोचित

# जिपं सीईओ के उपन्यास का मुख्य पृष्ठ विमोचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर अंचल के प्रतिष्ठित साहित्यकारों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के बीच जिपं सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के पहले उपन्यास यक्षिणी का मुख पृष्ठ अनावरण समारोह गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

बैकुंठपुर में स्थित होटल गंगाश्री के सभागार में आयोजित इस साहित्य प्रसंग में जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, डीडी मंडावी, एसडीएम उमेश पटेल और परिजन के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। इस आयोजन में पूरे सरगुजा अंचल के कई



विमोचन में उपस्थित लोग।

प्रतिष्ठित साहित्यकार, पत्रकार उपस्थित रहे। लेखक से सदन में खुली चर्चा के क्रम में वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, रामचरित द्विवेदी, श्रीमती संध्या रामावत, श्रीमती अनीता तिवारी, संवर्त कुमार, गजलकार ताहिर आजमी, सुनील शर्मा आदि ने भी अपने प्रश्न रखकर आयोजन को नई गति प्रदान की। इस समारोह में एमएम चतुर्वेदी, श्रीमती गीता चतुर्वेदी, श्रीमती अनन्या, योगेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, उमाशंकर शुक्ला, राजेन्द्र सिंह, साहित्यकार श्री जैन, डॉ.ओंकार साहू, श्रीमती साहू, नरेश सोनी सहित जिले के अनेक वरिष्ठ पत्रकार, वरिष्ठ नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योगेश गुप्ता, रुद्र कुमार मिश्रा, सुनील शर्मा, आयुष नामदेव, आस्तीक शुक्ला, सचिन शर्मा ने सहयोगी की भूमिका अदा की। इस अवसर पर समाज के बुद्धिजीवियों, साहित्यकार और मीडिया से जुड़े सभी कलमकारों ने उपन्यास को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। 23 अप्रैल की शाम 6 बजे स्थानीय सभागार में आयोजित एक सादे व गरिमामय समारोह में कोरिया जिले में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारी जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के पहले उपन्यास यक्षिणी का मुख पृष्ठ विमोचन आयोजित किया गया।

### कार्यदायित्वों के बीच लेखन वाकई प्रेरणास्पद

मुखपृष्ठ अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि बीते समय में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए पूरी प्रशासनिक टीम ने लगातार अथक परिश्रम किया है, इसके बाद समय निकालकर देर रात तक इस तरह से एक उपन्यास का लेखन वाकई बेहद प्रेरणादायक और सराहनीय है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि डॉ.आशुतोष का यह लेखन कर्म उनकी रचनाधर्मिता की रूचि के प्रति कठोर अनुशासन और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आगामी उपन्यास यक्षिणी के लिए डॉ.आशुतोष को शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### नपं शिवनंदनपुर चुनाव सम्पन्न कराने रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में आम निर्वाचन 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 13 एवं 14 के तहत रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों की नियुक्ति कर दी गई है। नगर पंचायत शिवनंदनपुर के लिए एसडीएम सूरजपुर श्रीमती शिवानी जायसवाल को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।वहीं, नायब तहसीलदार पिलखा श्रीमती मीना सिंह एवं नगर पंचायत शिवनंदनपुर के सीएमओ सुनील सिन्हा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है।अधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, 5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद वर्तमान में चल रहे सुशासन तिहार के समाप्त होते ही कभी भी चुनाव की घोषणा हो सकती है।प्रशासन द्वारा चुनावी तैयारियों को गति देने के साथ ही जल्द चुनाव कराए जाने की संभावना भी मजबूत हो गई है।बता दें कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर का उन्नयन कर 21 अक्टूबर 2024 को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया था।नगर पंचायत की घोषणा के बाद छह माह के लिए शासन स्तर पर संचालन समिति गठित की गई थी जिसका कार्यकाल पूरा होने के बाद सूरजपुर तहसीलदार वर्तमान में प्राधिकृत अधिकारी यानि प्रशासक के रूप में नपं का संचालन कर रहे हैं।

### निर्दलीय निर्वाचित वार्ड पार्षद का सोनार समाज भवन में किया गया स्वागत



**राजपुर।** नवीन सर्व सोनार समाज द्वारा निर्दलीय निर्वाचित वार्ड पार्षद विशवास कुमार गुप्ता का सोनार समाज भवन में स्वागत किया। समाज के अध्यक्ष सुरेश सोनी ने कहा वार्ड पार्षद विश्वास गुप्ता का निर्दलीय पार्षद के रूप में दूसरा कार्यकाल हैं प्रथम कार्यकाल में उन्होंने समाज को सामाजिक रूप से फर्नीचर का सहयोग प्रदान किया था वहीं दूसरे कार्यकाल में समाज भवन में सीसी टीव्ही कैमरा एवं वातानुकूलित मशीन उपलब्ध कराई जा रही हैं। वार्ड पार्षद द्वारा समाज के साथ साथ व्यक्तिगत रूप से भी समाज के नागरिकों को समय समय पर मदद का भाव रखते हुए सहयोग प्रदान किया जाता रहा हैं। इस दौरान रामाशीष सोनी, अनिल सोनी, संतोष सोनी, बंधु सोनी, ब्रिज मोहन सोनी, लल्लू सोनी, अमन सोनी, शंकर सोनी, संजीत सोनी, शिव सोनी, रामावतार सोनी, गोपाल सोनी, लव कुश सोनी, सुरेंद्र सोनी, सुनील सोनी, संतोष बिहारी, आकाश सोनी, श्यामलाल सोनी, रघुनाथ सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### प्रेमलता मित्तल



**बिश्रामपुर।** नगर शिवनंदनपुर के गुरुद्वारा रोड निवासी किराना व्यवसाई पुरुषोत्तम दास अग्रवाल की धर्मपत्नी प्रेमलता मित्तल का 72 वर्ष की आयु में 23 अप्रैल को निधन हो गया। गुरुवार को सूरजपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को ग्राम कुरवां के मुक्तिधाम में किया गया जिन्हें मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र राजेश अग्रवाल ने दी। स्व. प्रेमलता मित्तल राजेश अग्रवाल, किशन, सुनील व प्रमोद की माताजी थीं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में लकड़ी तस्कर हुए सक्रिय

# शादी मंडप के नाम पर जंगलों में पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

**खास बात**
- कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद

शादी विवाह तो वैसे हर मौसम में मुहूर्त के अनुसार होता है परंतु ठंड व बरसात की अपेक्षा गर्मियों के दिनों में शादी विवाह कार्यक्रम अधिक होते है। शहरी क्षेत्र में जहां लोग होटल व मैरिज लॉज में विवाह की रस्म पूरी करते है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी घर में ही मंडप सजाकर विवाह की रस्म पूरी की जाती है। परंपरा अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के लोग मंडप की व्यवस्था आसपास के जंगल से सरई पेड़ को काट कर करते है। ऐसे में अब शादी मंडप की आड़ में बड़ी संख्या में न सिर्फ लकड़ी तस्कर ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय हो गए है बल्कि हरे भरे जंगल से पेड़ों को काट नुकसान पहुंचाने में लगे है। हैरानी की बात यह है कि हर रोज जंगल से बड़ी संख्या में पेड़ों को काटा जा रहा है बावजूद इसके वन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती जिससे अब जंगल ठूंठ में तब्दील होने लगे है।

केतका सर्कल के पोड़ी जंगल में ग्रामीणों द्वारा अंधाधुंध पेड़ों की कटाई करने का मामला सामने आया है । ग्रामीणों की माने तो शादी विवाह के लिए अभी तक मंडप लगाने के नाम पर दूर दराज के लोग बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई कर चुके है। जैसे ही शादी का सीजन शुरू होता है वैसे ही लकड़ी तस्कर आसपास के जंगलों में सक्रिय हो जाते है। दूर दराज सहित आसपास के कई ग्राम पंचायत के लोग रात में जंगल पहुंचकर अनगिनत पेड़ों को काटकर मंडप लगाने के नाम से ले जाते है जिसका पूछ परख करने वाला कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं होता है। जबकि शासन हर वर्ष जंगल हरा भरा रहे इसके लिए लाखों रुपए खर्च कर पौध रोपण करते है। बावजूद इसके जंगलों की सुरक्षा करने वाले लोगो की उदासीनता रवैया के कारण हरे भरे पेड़ों को काट दिया जाता है। इस प्रकार की स्थिति किसी एक जंगल की नहीं बल्कि हर क्षेत्र की है जहां शादी सीजन शुरू होते ही शादी मंडप के नाम पर कटाई शुरू कर देते है। जंगल के पेड़ सुरक्षित रहे इसके मद्देनजर यदि वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी वैवाहिक सीजन शुरू होने से पूर्व सभी पंचायतों में बैठक कर ग्रामीणों को पेड़ नहीं काटने की आपसी सहमति बनाते है तो काफी हद तक जंगल के पेड़ सुरक्षित हो सकते है। इसके अलावा गांव गांव में वन समिति का गठन कर उन्हे निगरानी की जिम्मेदारी दी जाती तो जितनी संख्या में पेड़ों की कटाई होती है उस पर अंकुश लगाया जा सकता है। लेकिन विभाग व ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधियों से तालमेल नहीं होने के कारण जंगल में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई जारी है।



जंगल से पेड़ काटकर ले जाते बाइक सवार।

#### एक मंडप में नौ खंभे की जरूरत

किसी भी शादी मंडप में नौ खंभे की जरूरत होती है। लेकिन गांव में किसी के घर शादी हुआ तो पूरे गांव के लोग जंगल पहुंच कर एक एक पेड़ को काटकर शादी वाले घर में लाकर छोड़ जाते है। ऐसे में एक मंडप के लिए जहां नौ खंभे की जरूरत होती है वहां कई दर्जन पेड़ को काट दिया जाता है। शादी विवाह के इस सीजन में एक गांव में ही कई वैवाहिक कार्यक्रम होते है ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंडप सजाने के लिए जंगल में कई पेड़ों की बलि चढ़ा दी जाती है।

#### लकड़ी का करते है कई उपयोग

जंगल से पेड़ कटाई पूर्णतः प्रतिबंध है। इसकी जानकारी ग्रामीणों को भी भलिभांति मालूम है। ऐसे में गांव के लोग शादी के नाम पर कई दर्जन पेड़ को काट मंडप सजाते है जबकि मंडप के लिए एक खंभा की जरूरत होती है। शादी विवाह संपन्न हो जाने पर ग्रामीण मंडप के एक खंभे को छोड़ सभी खंभे को निकाल देते है जिसका उपयोग जलाऊ या फिर घर मरम्मत सहित अन्य उपयोग के लिए करते है।

#### मिला है जानकारी

जंगल से मंडप के नाम पर पेड़ काटने की जानकारी मिली है। वन सुरक्षा समिति के सभी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को फोन कर सूचित किया हूं। आगे से पेड़ काटने की जानकारी मिलने पर रोक लगाकर तत्काल कड़ी कार्रवाई करेंगे।

-डीके सिंह, वनपाल

## केबिनेट मंत्री के निर्देश पर आंबा केंद्रों के संचालन समय में किया गया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू से बचाव हेतु लिया गया निर्णय

प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए त्वरित और संवेदनशील निर्णय लिया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के स्पष्ट निर्देश पर ग्रीष्मकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव करते हुए इसे 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है। जारी निर्देश में 1 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। विशेष रूप से 23 अप्रैल से 30 जून तक बच्चों की उपस्थिति का समय केवल सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है, ताकि वे भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें। इस निर्धारित अवधि में बच्चों को पूर्व तय समय-सारिणी के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा के साथ-साथ पूरक पोषण आहार का नियमित वितरण किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया कि बच्चों की शिक्षा और पोषण सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में अन्य आवश्यक सेवाएं प्रातः 11 बजे तक जारी रहेंगी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपने निर्धारित जॉब चार्ट के अनुसार शेष कार्यों का निष्पादन करेंगी। साथ ही गृहभेंट के माध्यम से पोषण परामर्श देने की महत्वपूर्ण सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत कार्यकर्ता केंद्र बंद होने के बाद घर-घर जाकर माताओं को जागरूक करेंगी। बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। गर्म हवाओं और उच्च तापमान के बीच बच्चों को सुरक्षित रूप से घर पहुंचाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी।

साथ ही सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इन व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करें और जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों में इसकी प्रगति की नियमित समीक्षा करें, ताकि जमीनी स्तर पर निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। ग्रीष्मकाल समाप्त होने के बाद 1 जुलाई से आंगनबाड़ी केंद्र पुनः अपने सामान्य समय प्रातः 9.30 बजे से 3.30 बजे तक संचालित होंगे।



## पोषण पखवाड़ा में मातृ-शिशु के मस्तिष्क विकास और जागरूकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान का एक मुख्य उद्देश्य है। उद्देश्य के अनुश्रवण हेतु जनआंदोलन गतिविधि अंतर्गत प्रतिवर्ष विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करते हुये पोषण पखवाड़ा का आयोजन माह मार्च एवं अप्रैल में किया जाता है। इस वर्ष भी 9 से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से मिलेट्स आधारित व्यंजन प्रदाय किया जा रहा है। इस वर्ष मुख्य रूप से पोषण पखवाड़ा आयोजन अंतर्गत मातृ एवं शिशु पोषण मस्तिष्क विकास, स्क्रीन टाइम कम करने में पालकों और समुदाय की भूमिका, सुदढ़ आंगनबाड़ियों के लिए समुदाय का सहयोग जुटाना, जैसे थीम पर गतिविधियाँ आयोजित की गई है। जिले में 9 अप्रैल से पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया है तथा 23 अप्रैल को कैलेण्डर के आधार पर पोषण पखवाड़ा आयोजन अंतर्गत मातृ एवं शिशु पोषण, मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक उत्प्रेरण 0-03 वर्ष, प्रारंभिक वर्षों में खेल-आधारित शिक्षा 0-03 वर्ष, स्क्रीन टाइम कम करने में पालकों और समुदाय की भूमिका, सुदढ़ आंगनबाड़ियों के लिए समुदाय का सहयोग जुटाना, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, तथा शिक्षा विभाग के समन्वय के साथ आयोजन किया गया।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत सचिव के विरूद्ध की जनपद सीईओ से शिकायत

**राजपुर।** भाजपा मंडल अध्यक्ष बरियों जितेंद्र जायसवाल ने ग्राम पंचायत बरियों के सचिव नरेंद्र जायसवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पंचायत के सीईओ के नाम जनपद सीईओ से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया कि पंचायत सचिव का व्यवहार विवादित है और वे अक्सर ग्रामीणों के साथ विवाद करते रहते हैं। साथ ही वे नियमित रूप से पंचायत कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते, जिससे ग्रामीणों के कार्य समय पर नहीं हो पाते और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आरोप यह भी है कि सचिव विकास कार्यों की बजाय ठेकेदारी कार्यों में अधिक रुचि लेते हैं और केवल निर्माण कार्यों के दौरान ही पंचायत में दिखाई देते हैं। मंडल अध्यक्ष ने मांग की है कि सचिव नरेंद्र जायसवाल को ग्राम पंचायत बरियों से तत्काल हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए, ताकि पंचायत व्यवस्था में सुधार हो सके। इधर सचिव का कहना है कि उनके विरुद्ध की गई शिकायत भ्रामक है और उनके कार्य एवं व्यवहार के संबंध में पंचायत के पंच-सरपंच से जानकारी ली जा सकती है।

इस संबंध में जनपद सीईओ संजय दुबे ने बताया कि शिकायत की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर जिला स्तर पर आगे की कार्रवाई हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, चार यूनिट रक्त किया गया संग्रहित

**राजपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 4 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। अस्पतालों में अक्सर रक्त की कमी बनी रहती है, जिसे केवल जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। बीएमओ डॉ. रमेश जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से कहा कि वे आगे आएं और नियमित अंतराल में रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। शिविर के दौरान सभी स्वास्थ्य मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रहण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।



## शिक्षा, ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एसईसीएल प्रदान करेगी वित्तीय सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जिला प्रशासन सूरजपुर और एसईसीएल बिश्रामपुर के बीच हुआ एमओयू करार

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत जिले में जनहित के महत्वपूर्ण कार्यों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। इन पहलों के माध्यम से शिक्षा, ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में स्थानीय समुदाय को सीधा लाभ मिलेगा।

शिक्षा के क्षेत्र में आमगाँव में प्राथमिक विद्यालय भवन निर्माण के लिए 15.79 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस संबंध में जिला प्रशासन सूरजपुर और एसईसीएल बिश्रामपुर के बीच समझौता ज्ञापन एमओयू करार भी संपन्न हुआ है। परियोजना पूर्ण होने पर करीब 149 विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। ग्राम पंचायत बीरपुर मुख्य मार्ग पर बारामिल के पास वेटिंग शेड प्रतीक्षालय निर्माण के लिए 4.99 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, इससे लगभग 550 ग्रामीणों और यात्रियों को आवागमन के दौरान सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में एसईसीएल बिश्रामपुर जिला प्रशासन के 'टी.बी. मुक्त अभियान' में सहयोग कर रहा है,इसके तहत सूरजपुर और रामानुजनगर ब्लॉक के 65 चिन्हित टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण हेतु 'फूड बास्केट' उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार और शीघ्र स्वस्थ होने में मदद मिलेगी,एसईसीएल द्वारा इन सभी योजनाओं के लिए सीएसआर मद से वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।



## उर्वरक कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, जिले के 8 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर की कार्रवाई

**सूरजपुर।** जिले के किसानों को खरीफ मौसम में समय पर एवं उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए उर्वरक कालाबाजारी के विरुद्ध एक बड़ी कार्यवाही की है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में गठित जिला एवं विकासखंड स्तरीय दल द्वारा उर्वरक कालाबाजारी के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए जिले के 8 उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई की है। शासन के निर्देशानुसार गत वर्ष की तुलना में अधिक मात्रा में उर्वरक विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें कई अनियमितता उजागर हुईं। निरीक्षण के दौरान उर्वरक नियंत्रण आदेश के नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर तत्काल उर्वरक विक्रय पर रोक लगा दी गई है। जांच के दौरान पाया गया कि कई विक्रय केन्द्रों पर स्टॉक बोर्ड एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की जा रही थी। साथ ही बिल बुक, स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण पंजी का समुचित संधारण भी नहीं किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त विक्रय केन्द्रों के भौतिक स्कंध फिजिकल स्टॉक एवं पीओएस मशीन में दर्ज स्कंध मात्रा में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया, जो उर्वरक नियंत्रण आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है। कार्रवाई के तहत जिले के 8 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन प्रतिष्ठानों में मेसर्स अनिल कृषि सेवा केंद्र चंदरपुर, मेसर्स अजय कृषि सेवा केंद्र चंदरपुर, मेसर्स महानंद राय अग्रवाल सूरजपुर, मेसर्स इराकी जनरल स्टोर जयनगर, मेसर्स तायल ट्रेडर्स प्रतापपुर, मेसर्स श्याम ट्रेडर्स प्रतापपुर, मेसर्स किसान सेवा केंद्र प्रतापपुर एवं मेसर्स श्रीराम कृषि सेवा केन्द्र छिन्दपारा शामिल हैं। अनियमितताओं के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ-साथ विक्रय प्रतिबंध लगाते हुए संबंधित संस्थाओं के उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र को 21 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठानों को 7 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने अथवा असंतोषजनक उत्तर की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।



सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अप्रैल 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 2 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रेक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

